भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1305**

बुधवार, 14 दिसंबर, 2022 को उत्तर देने के लिए

**अंतरिक्ष अनुसंधान में निजी कंपनियों की भागीदारी**

**1305. प्रो. सौगत रायः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का अंतरिक्ष अनुसंधान और प्रौद्योगिकी को निजी कंपनियों के लिए खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने भविष्य में उत्पन्न होने वाली सुरक्षा समस्याओं का पता लगा लिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**
**तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :**

(क) एवं (ख)

जी, हां। सरकार ने वर्ष 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में लागू किए गए दूरगामी सुधारों के साथ अंतरिक्ष अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी में निजी उद्यमियों की आद्योपांत सहभागिता बढ़ाने की दिशा में अनेक पहल की हैं। इस संबंध में, निजी उद्यमियों की अंतरिक्ष गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, ठोस सहायता प्रदान करने एवं प्राधिकृत करने के लिए एकल खिड़की एजेंसी - भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का सृजन किया गया है। इसरो की तकनीकी सुविधाओं एवं प्रौद्योगिकी संबंधी सहायता को इन-स्पेस के माध्यम से भी साझा करना सुगम बनाया गया है।

(ग) एवं (घ)

संरक्षा एवं सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अंतरिक्ष गतिविधियों को प्राधिकृत करने के लिए इन-स्पेस को अधिदेशित किया गया है।

***